न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, कुचामनसिटी जिला नागौर (राजस्थान)

पीठासीन अधिकारी :– श्री बाबुलाल जाट (RAS)

राजस्व प्रार्थना–पत्र संख्या 106 / 2022 **GCMS 2022/214**

प्रार्थीगण

1. भंवरी देवी पत्नी सूरजाराम जाति जाट ग्राम चितावा तहसील कुचामनसिटी जिला नागौर

बनाम

अप्रार्थीगण :–

1. राजस्थान सरकार जरिये प्रतिनिधि तहसीलदार कुचामन सिटी तहसील
2. पटवारी पटवार मण्डल चितावा तहसील कुचामनसिटी

प्रार्थना पत्र– नक्शा दुरूस्ती बाबत अन्तर्गत धारा 131,132,136 भू–राजस्व अधिनियम 1956

उपस्थित :– श्री राजेश गुर्जर अधिवक्ता प्रार्थी की ओर से

आदेश

दिनॉक :– 10/02/2023

प्रार्थी की ओर से प्रस्तुत प्रार्थना पत्र का सार संक्षेप में इस प्रकार से है कि ग्राम चितावा तहसील कुचामनसिटी की सरहद में कृषि भूमि खसरा नम्बर 1509 / 403 रकबा 3.86 हैक्टर भूमि स्थित चली आ रही है, प्रार्थीया की भूमि का बंटवारा तहसीलदार कुचामनसिटी के यहॉ दिनॉक 08.12.2010 सहमति से हुआ उस समय तरमीम का नक्शा भी बनाया गया लेकिन राजस्व रेकार्ड में तरमीम किय गया तब नक्शा गलत तरमीम हो गया। उपरोक्त भूमि का बंटवारा किया गया तब जो रास्ता व खसरा नम्बर 403 में से होकर गया उसी अनुसार आज भी कायम है व नक्शा ट्रेस में तरमीम गलत दर्ज हो गया जबकि मौके पर काबिज नजरी नक्शे अनुसार ही चले आ रहे है जिसका प्रार्थना–पत्र के पैरा सं. 3 में नजरी नक्शा दर्शाया गया है, नजरी नक्शा अनुसार ही उपरोक्त भूमि में राजस्व रिकार्ड में दर्ज नक्शे ट्रेस की तरमीम दुरूस्त किया जाना आवश्यक है, इसलिए नक्शा दुरूस्ती का प्रार्थना–पत्र लाना आवश्यक हुआ। प्रार्थीया की इस्तदुआ है कि ग्राम चितांवा तहसील कुचामनसिटी की सरहद में स्थित कृषि भूमि खसरा नम्बर 1509 / 403 रकबा 3.86 हैक्टर भूमि का बंटवारे के समय कायम किये गये नजरी नक्शे अनुसार नक्शा दुरूस्ती कर नक्शा तरमीम के आदेश तहसीलदार कुचामनसिटी को प्रदान करावें।

प्रकरण दर्ज रजिस्टर कर अप्रार्थी को नोटिस जारी किया गया। अप्रार्थी की ओर से नायब तहसीलदार कुचामनसिटी उपस्थित आये, जिन्होने जवाब प्रार्थना–पत्र प्रस्तुत कर मौका रिपोर्ट 27.12.2022 की प्रति प्रस्तुत की। जो शामिल मिसल उपलब्ध है। जवाब में कथन किया है कि खसरा नम्बर 1509 / 403 का नामान्तरकरण दर्ज करते समय उसकी पुश्त पर सही तरमीम स्वीकार की गई है, ऑनलाईन करते समय सही नही हो सकी जो दुरूस्ती योग्य है साथ में मौका रिपोर्ट दिनॉक 27.12.2022 में भी नजरी नक्शा में दर्शाया गया है।

Signature Not Verified
Digitally signed by Babu Lal Jat
Date: 2023.02.13 14:59:34 IST
Reason: SelfAttested

प्रकरण में उभय पक्ष की बहस सुनी गई तथा पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजात इत्यादि का अवलोकन किया गया। प्रार्थी वकील ने प्रार्थना–पत्र में अंकित तथ्यों को

उपखण्ड अधिकारी
कुचामन सिटी (नागौर)

दोहराया। पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजात इत्यादि का अवलोकन किया गया। मौका रिपोर्ट एव नायब तहसीलदार चितावा एवं नामान्तरकरण सं.1450 दिनॉक 08.10.2010 की पुश्त पर अंकित नजरी नक्शा अनुसार वर्तमान नक्शा ट्रेस ऑनलाईन करते समय त्रुटि हुई है जिसे न्यायहित में दुरूस्त किया जाना उचित है। अतः प्रार्थीया का प्रार्थना–पत्र स्वीकार किया जाता है।

आदेश

ग्राम चितावा पटवार मण्डल चितावा तहसील कुचामनसिटी के खसरा नम्बर 1509/403 रकबा 3.86 हैक्टर वर्तमान नक्शा ट्रेस में तरमीम को सही किये जाने हेतु तहसीलदार कुचामनसिटी को आदेश दिये जाते है। नजरी नक्शा एवं प्रस्तुत मौका रिपोर्ट आदेश का भाग रहेगी। इस अनुसार नक्शा ट्रेस में दुरूस्ती कर पालना रिपोर्ट तहसीलदार कुचामनसिटी प्रस्तुत करे। तहसीलदार कुचामनसिटी को तहरीर जारी हो।

आदेश आज दिनॉक ......10/2/2023...... को सरे इजलास सुनाया गया।

(बाबुलाल जाट RAS)
उपखण्ड अधिकारी
कुचामनसिटी (नागौर)

उपखण्ड अधिकारी
कुचामन सिटी (नागौर)

Signature Not Verified

Digitally signed by Babu Lal Jat
Date: 2023.02.13 14:59:34 IST
Reason: SelfAttested

मौका रिपोर्ट

आज दिनांक 27/12/2022 को माननीय न्यायालय उपखण्ड अधिकारी कुचामन सिटी (नागौर) के आदेश क्रमांक/कोर्ट/2022/326-27 दि. 12.12.2022 तथा कार्यालय उपतहसीलदार चितावा के आदेश क्रमांक/राजस्व/2022/403 दि. 20/12/2022 की पालना में राजस्व प्रार्थना पत्र सं. 106/2022 की मौका स्थिति जाँचने एवं प्रकरण में जवाब तैयार करने हेतु मौके पर पहुँचा। राजस्व रेकर्ड (नक्शा, लट्ठा) में ख.न. 1509/403, 403, 326, 1508/326 की तरमीम निम्नानुसार है:-



ख.न. 403, 1508/326 जमाबंदी में गुलाबदेवी पत्नि हरलाल हि. 1/3, नर्बदादेवी पत्नि सुरेशकुमार, हि. 1/3 संतोषदेवी पत्नि बजरंगलाल हि. 1/3 जाति जाट सा. लालास खातेदार के नाम दर्ज है। तथा

ख.न. 1509/403, 326 जमाबंदी में भंवरीदेवी पत्नि सुरजाराम हिस्सा-पूर्ण जाति जाट सा. चावण्डिया खातेदार के नाम दर्ज है।

नजरी नक्शा (1)

जबकि मौके पर वादी भंवरीदेवी पत्नि सुरजाराम, गुलाबदेवी पत्नि हरलाल, नर्बदादेवी पत्नि सुरेशकुमार संतोषदेवी पत्नि बजरंगलाल निम्नानुसार काबिज है:-



Signature Not Verified
Digitally signed by Babu Lal Jat
Date: 2023.02.13 14:59:34 IST
Reason: SelfAttested

अ.नि. भंवरीदेवी w/o सुरजाराम जाट

नजरी नक्शा (2) [मौका स्थिति एवं जा.प. 1450 की परत पटवार के पीछे अंकित नजरी नक्शा]

P.T.O.

ग्राम चितावा के ख.नं. 400, 403, 326 पूर्व में गुलाबदेवी पत्नि हरलाल, संतोषदेवी पत्नि बजरंगलाल नर्बदा देवी पत्नि सुरेश कुमार, भंवरीदेवी पत्नि सुरजाराम की सहखातेदारी में दर्ज था जिसका प्रशासन गांवो के संग कैम्प चितावा दि. 8.12.10 को विभाजन (सहमतिशुदा) हुआ। उक्त विभाजन आदेश से ना. सं. 1450 दर्ज किया गया, जिसमें भी पश्त पटवार के पीछे वर्तमान में काबिज अनुसार ही [नजरीनक्शा ② के अनुसार] नजरी नक्शा अंकित है। नक्शा लट्ठा में ख.न. 403, 326, $\frac{1508}{326}$ व $\frac{1509}{326}$ में तरमीम गलत हो रखी है। जिसको नजरी नक्शा ② [मौका स्थिति एवं ना.सं. 1450 की पश्त पटवार के पीछे अंकित नजरीनक्शा] के अनुसार तरमीम शुद्ध किया जाना उचित है।

मौका रिपोर्ट उपस्थित मौतबिरान को पढ़कर सुनाई गई एवं उपस्थित के हस्ताक्षर करवाये गए। रिपोर्ट अग्रीम कार्यवाही हेतु श्रीमानजी की सेवा में सादर पेश है।

वादी अ.नि. भंवरीदेवी
w/o सुरजाराम
[आ.न. 558625096952]

पटवारी
पटवार मण्डल चितावा
तहसील कुचामन सिटी (नागौर)

गवाह

सुरजाराम
[सुरजाराम s/o डूंगाराम
जाट
नि. चितावा
आ.न. 743191375234]

शिवकरण
[शिवकरण s/o मोहनराम
जाट नि. चितावा
आ.न. - 991367275408]

Signature Not Verified

Digitally signed by Babu Lal Jat
Date: 2023.02.13 14:59:34 IST
Reason: SelfAttested